25/AGS/M–2023–01

पुस्तिका शृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Serial No.

प्रश्न-पुस्तिका

# सामान्य हिन्दी

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु 1 पृष्ठ (पृष्ठ संख्या 12 ) सहित पूरे 12 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई पृष्ठ या प्रश्न गायब या बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका सहित उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइंट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं— Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त **को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 20 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के लिए (A), (B), (C) और (D) के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध वाक्य को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**1.** सुशील ने भोजन कर ली है।

(A) सुशील भोजन लिया है।

(B) सुशील ने भोजन कर लिया है।

(C) सुशील भोजन कर लिया।

(D) सुशील ने भोजन खा लिया।

**2.** वह सप्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।

(A) वह सप्रमाण अपनी बात बताएगा।

(B) वह प्रमाण सहित बात बतलाएगा।

(C) वह प्रमाण के सहित अपनी बात कहेगा।

(D) वह सप्रमाण के साथ अपनी बात कहेगा।

**3.** श्याम पूरी रात में जागता रहा।

(A) श्याम सारी रात जागता रहा।

(B) श्याम सारी रात भर जागता रहा।

(C) श्याम पूरी रात भर जागता रहा।

(D) श्याम पूरी रात जाग कर रहा।

**4.** मुझे एक गीतों की पुस्तक ला दीजिए।

(A) मुझे एक गीत की पुस्तक ला दीजिए।

(B) मुझे गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए।

(C) मुझे एक गीतों की पुस्तकें ला दीजिए।

(D) एक पुस्तक गीतों की मुझे ला दीजिए।

**5.** मैंने तेरे को बोला था।

(A) मैंने तुमको कहा था।

(B) मैंने तुमसे कहा था।

(C) मैंने तेरे से कहा था।

(D) मैंने तुझे कहा था।

**6.** बेटों में संघर्ष हो गया।

(A) बेटों में युद्ध हो गया।

(B) बेटों में लड़ाई हो गयी।

(C) बेटों के बीच युद्ध हो गया।

(D) बेटों से लड़ाई हो गयी।

**7.** हिन्दी के प्रचार में बड़े-बड़े संकट हैं।

(A) हिन्दी के प्रचार में बड़े संकट हैं।

(B) हिन्दी के प्रचार में बड़ी-बड़ी बाधाएँ हैं।

(C) हिन्दी के प्रचार में बड़ी बाधाएँ है।

(D) हिन्दी के प्रचार में बड़ी-सी बाधाएँ हैं।

**8.** मकान गिर जाने का संदेह है।

(A) मकान गिर जाने की शंका है।

(B) मकान गिर जाने का शक है।

(C) मकान गिर जाने की आशंका है।

(D) मकान गिर जाने का भय है।

**9.** वह दण्ड देने लायक है।

(A) वह दण्ड पाने लायक है।

(B) वह दण्ड खाने लायक है।

(C) वह दण्ड लेने लायक है।

(D) वह दण्ड भोगने लायक है।

**10.** यह विषय अत्यंत कठोर है।

(A) यह विषय अत्यधिक कठोर है।

(B) यह विषय बहुत अधिक कठोर है।

(C) यह विषय अत्यंत कठिन है।

(D) यह विषय बड़ी कठिन है।

**11.** मैं अभिनय की कसरत कर रहा हूँ।

(A) मैं अभिनय का व्यायाम कर रहा हूँ।

(B) मैं अभिनय की अभ्यास कर रहा हूँ।

(C) मैं अभिनय का अभ्यास कर रहा हूँ।

(D) मैं अभिनय पर अभ्यास कर रहा हूँ।

**12.** सूरदास सूरसागर की रचना किए।

(A) सूरदास ने सूरसागर की रचना की।

(B) सूरदास ने सूरसागर की रचना किए थे।

(C) सूरदास सूरसागर की रचना किया था।

(D) सूरदास ने सूरसागर की रचना किया।

**13.** मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।

(A) मैं आपका दर्शन करने के लिए आया हूँ।

(B) मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।

(C) मैं आपको दर्शन करने आया हूँ।

(D) मैं आपके दर्शन को आया हूँ।

**14.** मेरे लिए ठंडी बर्फ लाओ।

(A) मेरे लिए शीतल बर्फ लाओ।

(B) मेरे लिए बर्फ लाओ।

(C) मेरे लिए जमी हुई बर्फ लाओ।

(D) मेरे लिए बहुत ठंडी बर्फ लाओ।

**15.** वहाँ भारी-भरकम भीड़ जमा थी।

(A) वहाँ लबालब भीड़ जमा थी।

(B) वहाँ भारी-भरकम भीड़ लगी थी।

(C) वहाँ भारी भीड़ लगी थी।

(D) वहाँ भारी भीड़ लगा था।

**16.** वह सचमुच में बीमार है।

(A) वह सचमुच में बिमार है।

(B) वह सचमुच बीमार है।

(C) वह सचमुच में बीमार था।

(D) वह सच में बिमार है।

**17.** महाभारत अठारह दिनों तक चला।

(A) महाभारत अठारह दिन तक चला।

(B) महाभारत अठारह दिनों तक हुआ।

(C) महाभारत अठारह दिनों तक लड़ा।

(D) महाभारत अठारह दिनों तक होता रहा।

**18.** मोहन रविवार के दिन जाएगा।

(A) मोहन रविवार के दिन को जाएगा।

(B) मोहन रविवार के दिन में जाएगा।

(C) मोहन रविवार को जाएगा।

(D) मोहन रविवार से जाएगा।

**19.** शीला ने नौकरानी को बुलाई।

(A) शीला ने नौकरानी बुलाई।

(B) शीला ने नौकरानी को बुलाया।

(C) शीला ने नौकर को बुलाई।

(D) शीला ने नौकर को बुलवाया।

**20.** तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।

(A) तलवार उपयोगी अस्त्र है।

(B) तलवार एक घातक अस्त्र है।

(C) तलवार एक उपयोगी शस्त्र है।

(D) तलवार एक अत्यंत उपयोगी अस्त्र है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 40 तक) :** निम्नलिखित वाक्य तीन अलग-अलग भागों में विभाजित हैं। इन्हें सावधानी के साथ पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके (A), (B), (C) में से त्रुटि से संबंधित अक्षर को उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो (D) के माध्यम से सूचित कीजिए।

**21.** घर के (A) | स्वामि (B) | से पूँछ लें। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**22.** आज (A) | रविवार (B) | का दिन है। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**23.** वह (A) | हमारे (B) | मुख्य अतिथी हैं। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**24.** साधू (A) | को भिक्षा (B) | दीजिए। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**25.** पूजा का (A) | समान (B) | मँगवा दो। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**26.** वह (A) | सकुशलपूर्वक (B) | रह रहा है। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**27.** वह (A) | अपने कपड़े (B) | बदल रहा है। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**28.** यह लोग (A) | कहाँ जा (B) | रहे हैं। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**29.** मैं कल (A) | बाजार से (B) | सामान लाया। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**30.** सोहन ने (A) | दो पुस्तक (B) | खरीदीं। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**31.** इस समय (A) | मेरी आयु (B) | चालीस वर्ष है। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**32.** श्रीकृष्ण (A) | के (B) | अनेकों नाम हैं। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**33.** हमारे शिक्षक (A) | प्रश्न (B) | पूछते हैं। (C) | कोई त्रुटि नहीं। (D)

**34.** किसी भी (A) आदमी को (B) भेज दो। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**35.** एक-एक (A) करके (B) सभी मर गये। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**36.** चिड़ियामार (A) पक्षी (B) बेचता है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**37.** सुधा (A) बहुत (B) बुद्धिमान है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**38.** कामायनी (A) एक महाकाव्य (B) है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**39.** यदि वह (A) आता तब (B) मैं जाता। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**40.** मेरे घर (A) सुपुत्री (B) का जन्म हुआ। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 50 तक) :** निम्नलिखित वाक्यों में से प्रत्येक वाक्य का एक शब्द रेखांकित है। हर रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है। इनमें से, रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से, जो वैकल्पिक शब्द अधिक निकट हो, उसे उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**41.** अधर सुधा रस मुरली राजाँ उर बैजन्ती माल।

(A) रखना

(B) होंठ

(C) धारण

(D) कमर

**42.** और आसिरो णाम्हारार्थेंविण, तीनूं लोक मंझार।

(A) आस

(B) पराश्रय

(C) आसान

(D) आश्रय

**43.** साँवरो नन्दनँदन, दीठ पड़्याँ माई।

(A) श्रीकृष्ण

(B) बलराम

(C) राम

(D) हनुमान

**44.** मीणा तज सरवर ज्यों मकर मिलण धाई।

(A) अगर

(B) मकरंद

(C) मोर

(D) मगरमच्छ

**45.** झरते हैं, झाग भरे निर्झर।

(A) झरना

(B) तालाब

(C) झाग

(D) अवरोध

**46.** अम्बर पनघट पर डुबो रही।

(A) जंगल

(B) धरती

(C) आकाश

(D) अमृत

**47.** मेरी भव बाधा हरौ।

(A) जन्म

(B) संसार

(C) पाताल

(D) भावना

**48.** जलज नयन, जलजानन जटा है सिर।

(A) कमल

(B) जल

(C) जलना

(D) गुलाब

**49.** पावन पायँ पखारि कै नाव चढ़ाइहौ।

(A) वाहन

(B) नाव

(C) पवित्र

(D) पत्तल

**50.** प्रैम सों पीछे तिरीछे, प्रियाहि चितै चितु दै।

(A) पत्थर

(B) चित्त

(C) चिता

(D) चिंता

**निर्देश (प्रश्न संख्या 51 से 60 तक) :** निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांशों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से जो विकल्प आपको वाक्य या वाक्यांश के अर्थ के सर्वाधिक निकट लगे, उसको चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**51.** जो ईश्वर को मानता हो

(A) नास्तिक

(B) आस्तिक

(C) अविश्वासी

(D) अनीश्वरवादी

**52.** जो दूसरों के अधीन हो

(A) पराधीन

(B) स्वाधीन

(C) स्वतंत्र

(D) समकालीन

**53.** जो प्राप्त न हो सके

(A) अप्रताप

(B) प्रताप

(C) अपर्यत

(D) अप्राप्त

**54.** जो कभी न मरे

(A) मानवेत्तर

(B) अमर

(C) अपर

(D) समर

**55.** आशा से अधिक

(A) कमतर

(B) अतीत

(C) सर्वज्ञ

(D) आशातीत

**56.** जिसके समान कोई दूसरा न हो

(A) अद्वितीय

(B) द्वितीय

(C) कल्पनातीत

(D) अनवरत

**57.** अनुकरण करने योग्य

(A) वन्दनीय

(B) निन्दनीय

(C) अनुकरणीय

(D) विश्वसनीय

**58.** जो आदर करने योग्य हो

(A) आदरणीय

(B) सहनीय

(C) लोकप्रिय

(D) अनादर

**59.** जो सदा से चला आ रहा है

(A) विरत

(B) अनंत

(C) अनवरत

(D) विशाल

**60.** जो आगे की न सोचता हो

(A) अदूरदर्शी

(B) दूरदर्शी

(C) समदर्शी

(D) पारदर्शी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 70 तक) :** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध तद्भव शब्द वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**61.** अंगरक्षक

(A) सिपाही

(B) अंगरखा

(C) अंगीठी

(D) द्वारपाल

**62.** अंगुष्ठिका

(A) अँगूठा

(B) उँगली

(C) अँगीठी

(D) अँगूठी

**63.** गर्भिणी

(A) गधी

(B) गाभिन

(C) गाय

(D) गोबर

**64.** ताम्बूलिक

(A) तेली

(B) पनबाड़ी

(C) तमोली

(D) ताबूत

**65.** मौक्तिक

(A) मिट्टी

(B) मुक्ति

(C) मोती

(D) माला

**66.** अट्टालिका

(A) अटारी

(B) कोठा

(C) मकान

(D) दुछत्ती

**67.** क्षीर

(A) पानी

(B) दूध

(C) खीर

(D) खमीर

**68.** प्रतिच्छाया

(A) छायाचित्र

(B) प्रतिलिपि

(C) फोटोकॉपी

(D) परछाईं

**69.** तिक्त

(A) तीखा

(B) तीन

(C) ताला

(D) तिल

**70.** चतुष्पदिका

(A) चौबारा

(B) चौकी

(C) चावल

(D) चीनी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 90 तक) :** निम्नलिखित मुहावरों के लिए विकल्प (A), (B), (C) और (D) में प्रस्ताविक विकल्पों में से अर्थ की दृष्टि से सर्वाधिक सटीक उत्तर को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**71.** एड़ी चोटी का जोर लगाना

(A) कड़ा परिश्रम करना

(B) दृढ़ निश्चय करना

(C) सावधान होना

(D) प्रतिष्ठा जाना

**72.** उल्टी गंगा बहाना

(A) पानी का बहाव रोकना

(B) गंगा में नहाना

(C) विरोधी बातें करना

(D) उदार होना

**73.** ऐसी-तैसी करना

(A) मूर्खतापूर्ण बातें करना

(B) बेइज्जत करना

(C) इज्जत करना

(D) ईर्ष्या से जलना

**74.** कलेजा ठंडा होना

(A) असंतोष होना

(B) मन भर जाना

(C) संतोष होना

(D) होशियार हो जाना

**75.** ईद का चाँद होना

(A) रोज-रोज दिखाई देना

(B) ईद मनाना

(C) चाँद को देखना

(D) बहुत दिनों में दिखाई देना

**76.** ईंट का जवाब पत्थर से देना

(A) किसी की दुष्टता के उत्तर में कठोरता बरतना

(B) किसी के साथ नरमी से पेश आना

(C) किसी को धोखा देना

(D) किसी का कोई काम न करना

**77.** आँखें चुराना

(A) दूसरी दिशा में देखना

(B) सामने न आना

(C) डराना-धमकाना

(D) धोखा देना

**78.** आसमान टूट पड़ना

(A) बहुत गुस्सा करना

(B) आसमान गिर जाना

(C) संकट आ पड़ना

(D) कोई वस्तु पसंद आना

**79.** अपने पैरों पर खड़ा होना

(A) प्रेम से स्वागत करना

(B) पैरों में चोट लगना

(C) पैर लड़खड़ाना

(D) स्वावलंबी होना

**80.** अपना उल्लू सीधा करना

(A) संकोच न करना

(B) उल्लू को सीधा करना

(C) अपना काम निकालना

(D) दूसरों को आदेश देना

**81.** दाँत खट्टे करना

(A) खट्टी वस्तु खाना

(B) परास्त करना

(C) दाँत में दर्द होना

(D) मन ठीक न होना

**82.** दाँत तले उँगली दबाना

(A) आश्चर्य में पड़ जाना

(B) दाँत से उँगली काटना

(C) दाँतों को एक-दूसरे के ऊपर जकड़ लेना

(D) दाँतों का हिलना

**83.** दाँत दिखाना

(A) दाँतों का आड़ा-तिरछा होना

(B) दाँत किरकिराना

(C) दाँत तोड़ना

(D) भयभीत करना

**84.** धूल चटाना

(A) नम्रता दिखाना

(B) पटक देना

(C) बदनामी होना

(D) ऊधम करना

**85.** धूल उड़ाते फिरना

(A) मारे-मारे फिरना

(B) मारकर दौड़ जाना

(C) मार पड़ना

(D) भूल जाना

**86.** नाम रोशन करना

(A) नाम पर रोशनी डालना

(B) अपराध मढ़ा जाना

(C) अवगुण बताना

(D) खूब प्रसिद्धि होना

**87.** नाकों चने चबाना

(A) प्रसन्न हो जाना

(B) नखरे सहना

(C) बहुत परेशान करना

(D) खतरे का काम करना

**88.** टेढ़ी अँगुली से घी निकालना

(A) चालाकी करना

(B) जब जैसी जरूरत पड़े, वैसा व्यवहार करना

(C) कठिन काम करना

(D) नष्ट-भ्रष्ट करना

**89.** टूट पड़ना

(A) पास में पैसा होना

(B) शरारत करना

(C) वेग से धावा बोलना

(D) अपलक देखना

**90.** टोपी उछालना

(A) अपमान करना

(B) सम्मान करना

(C) परास्त करना

(D) टोपी पहनाना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 100 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए विकल्प (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**91.** पराब्ध

(A) पाराब्ध

(B) प्राव्ध

(C) प्रारब्ध

(D) परालब्ध

**92.** परस्थिति

(A) परस्थिती

(B) परिस्थिति

(C) परीस्थिति

(D) परीस्थिती

**93.** बलीदान

(A) बलिदान

(B) वलीदान

(C) वालीदान

(D) वलिदान

**94.** बालमीक

(A) बालमीकी

(B) बाल्मीकि

(C) वाल्मीकि

(D) वालमीकी

**95.** ऊत्सूक

(A) ऊत्सुक

(B) उत्सुक

(C) ऊतसूक

(D) उतसूक

**96.** परलोकिक

(A) पारलोकिक

(B) पारलौकीक

(C) पारलौकिक

(D) परालैकिक

**97.** अनुग्रहीत

(A) अनूग्रहीत

(B) अनुगृहित

(C) अनुग्रहित

(D) अनुगृहीत

**98.** इस्थिति

(A) स्तिथि

(B) स्थिति

(C) अस्तिथि

(D) स्थिती

**99.** पुरुस्कार

(A) पुरस्कार

(B) पूरूस्कार

(C) पूरस्कार

(D) पूरूसकार

**100.** सर्जन

(A) स्रजन

(B) सृजन

(C) सरजन

(D) सर्जृन

रफ़ कार्य के लिए स्थान

★ ★ ★